IndianOil

Year 2022
*Crafting a Green Future*



# HIGH OCTANE PERFORMANCE

## CHAIRMAN'S ADDRESS

63rd ANNUAL GENERAL MEETING

*Dear Members of the IndianOil Family,*

Welcome to IndianOil's 63rd Annual General Meeting!

The nation celebrated the remarkable milestone of 75 years of Indian Independence, on this 15th August. For every Indian, this has been a glorious landmark and I begin today by extending my best wishes to each one of you as we mark *Azadi Ka Amrit Mahotsav.* The celebrations across the country also touched an emotional chord with every member of the IndianOil family, as your Company's journey has been closely linked to the progress of the nation. India began its eventful journey as a fledgling, independent nation and has come a long way today, as a modern global juggernaut. Your Company's journey over the past six decades too has been a saga of phenomenal growth and strong resolve to fuel the country, rising above every challenge. IndianOil has never wavered from its goal of business excellence, infused with nationalistic commitment and environmental sensitivity. I am delighted to share, that we are all set to embark upon one of our most ambitious and paradigm-shifting endeavours in the Company's history. I'll share that historic announcement with you later in this message, but before that, let me talk about the recent performance highlights of your Company.

## HIGH OCTANE PERFORMANCE

As you are aware, our teams have been continuously setting new benchmarks of business excellence. After a phenomenal Financial Year 2020-21 wherein your Company registered record profits, in the year 2021-22, we once again notched-up the highest-ever revenue and surpassed the record for net profits, set in the previous year. During 2021-22, IndianOil's revenue from operations went



**Shrikant Madhav Vaidya,** Chairman

up by over 41%, compared to the previous year, and the net profit went up by nearly 11%. This stellar success in business numbers validates our sustained focus on business excellence. We are indeed grateful for the unstinted support of each one of you and I acknowledge your contribution that gives us the strength to keep moving ahead and set pathbreaking benchmarks.

Here, I would like to reiterate and compliment the IndianOil teams for their spirited performance, that has helped your Company achieve the stiff Capex goals, despite challenges. In fact, since the year 2018-19, IndianOil has contributed more than a quarter of the combined Capex spend of all Public Sector Undertakings under the Ministry of Petroleum and Natural Gas. Last year, your Company met the target of ₹29,347 crore, which is around 28% of the combined Ministry's overall outlay. It is indeed remarkable that our teams notched up the numbers despite a ravaging second wave of Covid-19 during the early months of the financial year. The enduring spirit of 'Nation before Self'

was the vital force that fuelled this fantastic performance.

I'll take a brief detour here to underline that the spirit of *Pehle Indian Phir Oil* came to the forefront when your Company diverted the commercial oxygen production from the petrochemical plants to hospitals for medical use. During this time, our focus on operational excellence remained firm, and our energy soldiers ensured that the country's remotest corners remained energised. However, some of our IOCians and frontline energy warriors succumbed to the menacing virus while serving the nation. I salute them for their immense contribution and pay heartfelt homage to them.

## FUELLING AN AMBITIOUS VISION

As I mentioned before, we have been firmly moving forward on an ambitious blueprint that caters to our future growth strategy in our core business of Refinery expansion and petrochemical integration. Currently, projects worth more than Rupees One Lakh Crore are in various stages of implementation. This will enhance the group refining capacity from the current 80.55 Million Metric Tonnes Per Annum to about 107 MMTPA by the year 2024-25. In Petrochemicals, IndianOil is currently India's second-largest force. Once the current projects are completed, our present Petrochemical Intensity Index of 5% will go up to 7% by 2025 and 15% by 2030. This enhancement will be vital to hedge the uncertain refinery margins. We will thus be able to safeguard our leadership in refining and catalyse our growth significantly.

On the pipelines front, the completion of the 1,200 km-long Paradip-Hyderabad product pipeline will provide a significant expansion boost for our 15,000 kilometres-plus network. The Board of the Company has also approved the establishment of a 1,033 km-long Mundra-Panipat crude oil pipeline to meet the enhanced crude oil requirement of the Panipat Refinery, which is due for expansion from 15 to 25 Million Metric Tonnes Per Annum.

These ambitious infrastructural investments serve the twin goals of ensuring India's energy security and constantly delighting our customers.

## ENSURING CUSTOMER DELIGHT

IndianOil has been intensifying its customer-centric endeavours with the thoughtful expansion of the product bouquet. To this end, the best-in-class, competitively priced branded fuel XP95 was launched in May 2021. We also rolled out the eco-friendly, XtraGreen diesel in July 2021. Such innovative offerings ensure IndianOil has the most enriched product basket to cater to the preferences of every section of customers.

We have also taken a series of initiatives to infuse greater agility into our LPG customer service. One such example is the Indane Tatkal Seva rolled out in January 2022, which guarantees LPG delivery within two hours of booking at a nominal fee. The facility has been launched in Hyderabad and will soon be extended across the country. The Indane Family Connect is another addition to this bouquet, where customers can book refill cylinders on behalf of family members or friends across India. I am happy to share that your Company released 50 lakh LPG connections under the Pradhan Mantri Ujjawla Yojana 2.0, well before the target date of 31st March 2022.

Amid these accomplishments, fuel retailing remains our prime focus area, and we are determined to retain our market leadership, both through network expansion and enhanced throughput per pump. Your Company commissioned 2,521 fuel stations during 2021-22, taking the tally to over 34,500,

including the Kisan Seva Kendra. I'm happy to share, that in a bid called by the National Highway Authority of India (NHAI) for wayside amenities, IndianOil secured 10 out of 20 sites in the strategic greenfield Delhi-Mumbai Expressway, reinforcing your Company's presence along major corridors.

For the institutional customers, we have introduced 'differentiated diesel with green combo lubes' which promises significant fuel savings. We have also initiated the trials for low-sulphur, low-aromatic kerosene with the Indian Army to suit their specialised requirement for the hilly terrain and making it more user-friendly. Besides these, our revamped storage depot and fuel station at Kavaratti and Minicoy in Lakshadweep Islands was inaugurated in March 2022, making your Company, the sole fuel supplier in the islands. This reaffirms the trust that the Government and people of India have reposed in the capabilities of IndianOil.

## PURSUING NEW GROWTH AVENUES

We are pursuing several landmark collaborations to explore new growth opportunities on the horizon. The brightest of such partnerships is the Hindustan Urvarak and Rasayan Limited or HURL, where we have joined hands with NTPC Ltd. and Coal India Ltd., along with The Fertilizer Corporation of India Ltd., and Hindustan Fertilizer Corporation Ltd., to augment domestic fertiliser production capacity. HURL aims to develop three gas-based urea fertiliser plants at Gorakhpur, Barauni and Sindri that will produce over 38 lakh tonnes of neem-coated urea per annum. Last December, the Gorakhpur plant was dedicated to the nation by the Hon'ble Prime Minister. The other two plants at Barauni and Sindri are also in an advanced completion stage.

I must underscore, that as we pass through a global energy transition, our destiny rests on the ability to innovate and stay ahead of the competition curve. This is where your Company's state-of-the-art R&D facilities will have a transformational impact. The last financial year was quite special for IndianOil R&D Centre, which celebrated its Golden Jubilee on 10th March 2022.

## GREENING THE ENERGY BASKET

Leveraging this phenomenal R&D prowess that we have built over the last five decades; your Company is actively exploring new energy avenues to craft a greener future for the planet. These include pathways like setting-up green hydrogen plants at Mathura and Panipat Refineries and developing a robust green hydrogen production ecosystem. This will go a long way in creating a robust hydrogen economy and making India, a green hydrogen hub. This was envisioned by the Hon'ble Prime Minister, when he had announced India's Hydrogen Policy, on 15th August 2021, from the ramparts of the Red Fort.

We have also ventured into exciting avenues like the City Gas Distribution, where your Company now has a significant footprint in the country. Your Company is actively exploring various alternative energy sources and strengthening the use of biofuels for mobility. It is heartening that in June 2022, India achieved the ambitious target of supplying petrol blended with 10% ethanol, five months ahead of schedule. We are now working towards the target of 20% ethanol blending by the year 2025.

IndianOil is proud to be steering the SATAT programme that uses Compressed Biogas or CBG as a viable transportation fuel. Presently, 36 IndianOil fuel stations are retailing CBG under the brand name 'IndiGreen'.

On the electric mobility front, your Company is working in mission mode to promote the advent of electric mobility in India. We will be setting-up EV charging stations at 10,000 fuel stations over the next three years. I am happy to share that by the end of July 2022, we had already installed over 2500 charging stations. This will provide a significant boost to the EV infrastructure and give fillip to the automobile companies in the electric mobility segment.

We are also working on the manufacturing and commercialisation of the Aluminum-Air battery in India, through the joint venture with an Israeli technology company, Phinergy. Besides these initiatives, your Company recently inked an agreement with NTPC Ltd. to form a joint venture company that'll meet the power requirement of upcoming projects at IndianOil's Refineries, through renewable sources.

Speaking of our recent green leaps, 10$^{th}$ August 2022, was a red-letter day for the country's sustainability mission, as the Hon'ble Prime Minister dedicated IndianOil's 2G Ethanol Plant at Panipat to the nation. This landmark endeavour will contribute to about three lakh Metric Tonnes of $CO_2$ emission savings every year and produce three crore litres of ethanol per annum. It will also help in reducing air pollution caused due to stubble burning in Northern India.

Let me reiterate that your Company's environmental leadership extends beyond the confines of business. The recent partnership with the National Tiger Conservation Authority to support the reintroduction of the Cheetah in the country after seven decades cements this resolve.

Let me tell you; this is just the beginning, and your Company is poised for many more extraordinary green feats in the days ahead.

## CARING BEYOND BUSINESS

Reflecting on the humane side of IndianOil, Under the Corporate Social Responsibility initiatives, we have been supporting various projects covering education, health care, and environment and sustainability. We have also been at the forefront of steering the 'Skill India' revolution. Your Company took a major leap as the permanent campus of IndianOil-run Skill Development Institute, Bhubaneswar, was inaugurated on 20$^{th}$ August 2021.

## FOSTERING SPORTING EXCELLENCE

IndianOil has consistently walked the extra mile to revitalise India's sporting landscape. Our contribution was acknowledged when we were bestowed with the "Rashtriya Khel Protsahan Puraskar" for 2021. I accepted the award from the Hon'ble President of India in November 2021, on behalf of your Company. IndianOil also received the 'Sportstar Aces Award, 2022' under the 'Best PSU for the Promotion of Sports' category.

## DRIVING GROWTH THROUGH CORPORATE GOVERNANCE

Let me also assert that Corporate Governance is a key driver of sustainable growth in IndianOil, and I would like to mention that good corporate governance is critical to maximising stakeholder value while taking care of the interests of multiple stakeholders and society at large. The values of a collaborative spirit guide IndianOil and IndianOil People, and we have created a robust ecosystem for preventive vigilance leading to the highest standards of integrity. Your Company complies with the guidelines issued by the Department of Public Enterprises as applicable to public sector undertakings, the details of which are provided in the Corporate Governance Report forming part of the Annual Report.

## BUILDING A BRIGHTER TOMORROW

I must share my strong belief that IndianOil is poised for a glorious future ahead, riding on an energetic team and a strong financial position. Your Company's vast assets spread across the country, remain our key strength. These include, the Refineries, Oil Terminals, LPG Bottling Plants, Aviation Fuel Stations and the extensive Pipeline Network. Just to give you an idea of the mammoth spread, we have over 60,000 customer touch points, 3.1 crore customers visit our fuel stations daily and 25 lakh Indane cylinders are delivered every day. Your Company remains committed to carrying forward every business endeavour in a free, fair, and transparent manner, and our core values of Care, Innovation, Passion and Trust will continue to guide us in the journey ahead.

## STEERING A NET-ZERO FUTURE

IndianOil recognises the criticality of aligning with the national priorities, and is in sync with the country's green mantra, that is the prime mover for the leading global economies today. In fact, India's emergence as a leading pro-environment voice in the global arena, is indeed a matter of pride for us. The Hon'ble Prime Minister's visionary *Panchamrit* goals, including the declaration of achieving the Net Zero target by 2070, have been strengthened by concrete on-ground action and policies. As enumerated above, IndianOil, as the Energy of India, is exploring novel avenues in sync with India's aspirational goals.

The Company is thus embarking on the decarbonisation journey that will be crucial not only for the Company's destiny but also for the planet's future.

**I am delighted to announce that IndianOil has set the target to achieve Net-Zero operational emissions by the year 2046. This historic commitment that your Company is embarking on, will help craft a better future for the planet and the nation.**

IndianOil has set out to emerge as one of the few global energy majors committed to the net zero goal. Let me assure you that we already have a robust green blueprint in place that we will gradually implement, as we navigate towards our Net Zero goal. What makes this commitment special is that IndianOil will be achieving Net Zero operational emissions by the year 2046, when our great nation completes 99 years of its Independence and steps into the glorious 100th year milestone.

I would like to end my address with this powerful thought by renowned Naturalist, Sir David Attenborough.

*"All we require is the will. The next few decades represent a final opportunity to build a stable home for ourselves and restore the rich, healthy and wonderful world that we inherited from our distant ancestors. Our future on the planet, the only place as far as we know where life of any kind exists, is at stake."*

On this note, I would like to reiterate our resolve to help build a greener, more prosperous India. We owe it to the dazzling dreams in the eyes of our children. We are in this together. We will get there together.

Thank You, stay safe

Jai Hind!

25th August 2022

**Shrikant Madhav Vaidya**
Chairman, IndianOil

# वार्षिक आम बैठक 2022 के लिए अध्यक्ष का भाषण

***इंडियनऑयल परिवार के प्रिय सदस्यो,***

इंडियनऑयल की 63वीं वार्षिक आम बैठक में आपका स्वागत है!

राष्ट्र ने कुछ दिन पहले 15 अगस्त को भारतीय स्वतंत्रता के 75 साल का महत्वपूर्ण पड़ाव पूरा करने का जश्न मनाया। प्रत्येक भारतीय के लिए, यह बड़ा गौरवपूर्ण क्षण है और मैं आप सभी को आजादी का अमृत महोत्सव के लिए अपनी शुभकामनाएं देकर शुरुआत करता हूँ। देश भर में मनाए गए इस उत्सव ने इंडियनऑयल परिवार के प्रत्येक सदस्य में भी नई उमंग और जोश भर दिया क्योंकि आपकी कंपनी का कॉर्पोरेट सफर राष्ट्र की प्रगति के साथ गहराई से जुड़ा है। भारत ने एक नवोदित, स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी महत्वपूर्ण यात्रा शुरू की और आज आधुनिक दुनिया से प्रतिस्पर्धा करते हुए उसने एक लंबा सफर तय कर लिया है। पिछले छह दशकों में कंपनी का सफर अभूतपूर्व विकास और अटूट विश्वास का साक्षी रहा है और इसने आने वाली हर चुनौती से पार पाते हुए देश को हमेशा ईंधन उपलब्ध कराया है। इंडियनऑयल राष्ट्रवादी प्रतिबद्धता और पर्यावरण जागरूकता को ध्यान में रखते हुए, व्यावसायिक उत्कृष्टता के अपने लक्ष्य से कभी भी विचलित नहीं हुआ है। आज मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम कंपनी के इतिहास में अपने सबसे महत्वाकांक्षी और आमूल–चूल परिवर्तन लाने वाले प्रयासों में से एक का शुभारंभ करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मैं जल्द ही आपके साथ उस ऐतिहासिक घोषणा को साझा करूंगा, लेकिन इससे पहले, मैं आपकी कंपनी के हाल के प्रदर्शन के बारे में बताना चाहता हूँ।

## उच्च ऑक्टेन प्रदर्शन

जैसा कि आपको मालूम है, हमारी टीमें लगातार व्यवसाय में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए नए मानक स्थापित कर रही हैं। एक अभूतपूर्व वित्तीय वर्ष 2021–22 के बाद जब आपकी कंपनी ने रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया, तो 2021–22 के दौरान हमने एक बार फिर पिछले वर्ष के मुकाबले न केवल अब तक का सबसे अधिक राजस्व अर्जित किया, बल्कि रिकॉर्ड शुद्ध मुनाफा के रिकॉर्ड को भी पार कर लिया। 2021–22 के दौरान, इंडियनऑयल के संचालन से राजस्व पिछले वर्ष की तुलना में 41% से अधिक बढ़ गया, और हमारा शुद्ध मुनाफा भी लगभग 11% बढ़ गया। कारोबार के आंकड़ों की यह शानदार सफलता हमारे द्वारा व्यापार उत्कृष्टता पर निरंतर ध्यान दिए जाने का परिचायक है। हम वास्तव में आप सभी द्वारा दिए गए निरंतर समर्थन के लिए आभारी हैं और मैं आपके योगदान को स्वीकार करता हूँ जो हमें आगे बढ़ते रहने की ताकत देता है और महत्वाकांक्षी बैंचमार्क निर्धारित करता है।

यहां, मैं इंडियनऑयल की टीमों को उनके उत्साही प्रदर्शन के लिए बधाई देना चाहता हूँ, जिसने चुनौतियों के बावजूद आपकी कंपनी को कड़े कैपेक्स लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद की है। वास्तव में, वर्ष 2018–19 के बाद से, इंडियनऑयल ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के संयुक्त कैपेक्स खर्च में एक–चौथाई से अधिक का योगदान दिया है। पिछले साल आपकी कंपनी ने ₹29,347 करोड़ का लक्ष्य हासिल किया, जो मंत्रालय के कुल परिव्यय का लगभग 28% है। वित्तीय वर्ष के शुरुआती महीनों में, हमारी टीमें कोविड–19 की दूसरी लहर के बावजूद अपने लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाब रहीं। 'स्वयं से पहले राष्ट्र' की स्थायी भावना महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति थी जिससे यह शानदार प्रदर्शन हासिल हुआ।

मैं यहां इस बात पर बल देना चाहता हूँ कि ''पहले इंडियन फिर ऑयल'' की भावना सबसे आगे रही, जब आपकी कंपनी ने पेट्रोरसायन संयंत्रों से कमर्शियल ऑक्सीजन उत्पादन को अस्पतालों के लिए चिकित्सा उपयोग में बदल दिया। इस दौरान, हमने परिचालन उत्कृष्टता पर अपना ध्यान केंद्रित किया, और हमारे ऊर्जा योद्धाओं ने यह सुनिश्चित किया कि देश के दूर–दराज के इलाकों में ईंधन पहुंचता रहे। हालांकि, हमारे कुछ आइओसियन

और अग्रिम पंक्ति के योद्धा राष्ट्र की सेवा करते हुए इस खतरनाक वायरस की चपेट में आकर शहीद हो गए। मैं उनके सराहनीय योगदान के लिए उन्हें नमन करता हूँ और अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि देता हूँ।

## महत्वाकांक्षी विजन को गति प्रदान करना

जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है, हम एक महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहे हैं जो रिफाइनरी विस्तार और पेट्रोरसायन एकीकरण के हमारे मुख्य पेशे में हमारी भावी विकास कार्यनीति को पूरा करता है। वर्तमान में, एक लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। यह आपकी कंपनी की स्थापित समूह रिफाइनिंग क्षमता को वर्तमान 80.55 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 2024–25 तक लगभग 107 एमएमटीपीए कर देंगी। पेट्रोरसायन के क्षेत्र में, आज इंडियनऑयल दूसरी सबसे बड़ी पेट्रोरसायन कंपनी है। अब, कई परियोजनाओं के कार्यान्वयन के साथ, हमारा वर्तमान पेट्रोरसायन तीव्रता सूचकांक लगभग 5% है जो 2025 तक लगभग 7% और 2030 तक 15% हो जाएगा। यह वृद्धि रिफाइनिंग में हमारे नेतृत्व को निखारने और हमारे विकास को प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण होगी।

पाइपलाइनों के क्षेत्र में, 1,200 कि.मी. लंबी पारादीप–हैदराबाद उत्पाद पाइपलाइन के पूरा होने से हमारे 15,000 कि.मी. से अधिक के नेटवर्क को इस विस्तार से पर्याप्त बढ़ावा मिलेगा। बोर्ड ने पानीपत रिफाइनरी की बढ़ी हुई कच्चे तेल की आवश्यकता को पूरा करने के लिए 1,033 कि.मी. लंबी मुंद्रा–पानीपत कच्चे तेल पाइपलाइन की स्थापना को भी मंजूरी दे दी है, जिससे इसकी क्षमता 15 से बढकर 25 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष हो जाएगी।

## ग्राहकों की खुशी सुनिश्चित करना

ये महत्वाकांक्षी ढांचागत निवेश भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और हमारे ग्राहकों को लगातार संतुष्ट करने के दोहरे लक्ष्यों की पूर्ति करते हैं। इंडियनऑयल अपने ग्राहक–केंद्रित प्रयासों को लगातार तेज कर रहा है, जिसकी शुरुआत उत्पादों का सोच–समझकर किए गए विस्तार के साथ हुई है। इसके लिए, हमने मई 2021 में किफायती और सर्वश्रेष्ठ ब्रांडेड ईंधन एक्सपी95 को लॉन्च किया। हमने जुलाई 2021 में पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील एक्स्ट्राग्रीन डीजल भी पेश किया। इस तरह की नई पेशकश यह सुनिश्चित करती हैं कि इंडियनऑयल के पास ग्राहकों के हर वर्ग की प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए सबसे समृद्ध उत्पाद बास्केट है।

हमने कई अनेक पहल भी की हैं जिसने हमारी एलपीजी ग्राहक सेवा को और अधिक लचीला बना दिया है। ऐसा ही एक उदाहरण जनवरी 2022 में शुरू की गई इंडेन तत्काल सेवा है, जो मामूली शुल्क पर बुकिंग के दो घंटे के भीतर एलपीजी डिलीवरी की गारंटी देती है। यह सुविधा हैदराबाद में शुरू की गई है और जल्द ही इसका पूरे देश में विस्तार किया जाएगा। इस बुके का एक और अतिरिक्त इंडेन फैमिली कनेक्ट है, जहां ग्राहक पूरे भारत में परिवार के सदस्यों या दोस्तों की ओर से रिफिल सिलेंडर बुक कर सकते हैं। मैं आपकी कंपनी की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि साझा करना चाहता हूँ, जिसमें इंडियनऑयल ने 31 मार्च 2022 की लक्षित तारीख से काफी पहले प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत 50 लाख एलपीजी कनेक्शन जारी किए हैं।

इन उपलब्धियों के बीच, ईंधन खुदरा बिक्री हमारा मुख्य ध्यान देने वाला क्षेत्र बना हुआ है, और हम अपने नेटवर्क के विस्तार द्वारा तथा प्रति पंप बढ़े थ्रूपुट, दोनों के माध्यम से अपने बाजार नेतृत्व को बनाए रखने के लिए ठोस प्रयास करने के लिए कृतसंकल्प हैं। आपकी कंपनी ने 2021–22 के दौरान 2,521 ईंधन स्टेशनों को चालू किया है, जिससे किसान सेवा केंद्र सहित कुल संख्या 34,500 से अधिक हो गई है। मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा सड़क के किनारे सुविधाएं (डब्ल्यूएसए) प्रदान करने के लिए आमंत्रित बोली में, इंडियनऑयल ने कार्यनीतिक ग्रीनफील्ड दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे में 20 में से 10 साइटें हासिल की हैं, जिससे प्रमुख कोरिडोर में आपकी कंपनी की स्थिति मजबूत हुई है।

संस्थागत ग्राहकों के लिए, हमने 'ग्रीन कॉम्बो ल्यूब के साथ डिफरेंशियल डीज़ल' पेश किया है जो महत्वपूर्ण ईंधन बचत का वादा करता है। हमने भारतीय सेना के साथ पर्वतीय इलाकों की उनकी विशिष्ट आवश्यकता के अनुरूप बनाने तथा इसका इस्तेमाल आसान बनाने के लिए लो–सल्फर, लो–एरोमैटिक केरोसिन का परीक्षण भी शुरू किया है। इसके अलावा, लक्षद्वीप समूह में कवरत्ती और मिनिकॉय में हमारे पुनरुद्धार किए गए भंडारण डिपो और ईंधन स्टेशन का उद्‌घाटन मार्च, 2022 में किया गया था, जिससे आपकी कंपनी इन द्वीपों में एकमात्र ईंधन आपूर्तिकर्ता बन गई है। यह उस विश्वास का परिचायक है जिसे सरकार और भारत के लोगों ने इंडियनऑयल की क्षमताओं में अभिव्यक्त किया है।

## विकास के नए क्षेत्रों की खोज

हम इस क्षेत्र में विकास के नए अवसरों का पता लगाने के लिए कई ऐतिहासिक सहयोग भी कर रहे हैं। इस तरह की साझेदारी में सबसे अग्रणी हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड या एचयूआरएल है, जहां हमने गोरखपुर, बरौनी और सिंदरी में तीन गैस आधारित यूरिया उर्वरक संयंत्र विकसित करने के लिए अन्य सार्वजनिक उपक्रमों, एनटीपीसी लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड के साथ–साथ द फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और हिंदुस्तान फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ समझौता किया है। ये संयंत्र प्रति वर्ष 38 लाख टन नीम–लेपित यूरिया का उत्पादन करके घरेलू उर्वरक उत्पादन क्षमता को बढ़ाएंगे। पिछले दिसंबर में, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा गोरखपुर संयंत्र को राष्ट्र को समर्पित किया गया था। बरौनी और सिंदरी में अन्य दो संयंत्र भी निर्माण के अंतिम चरण में हैं।

मैं इस बात पर बल देना चाहूँगा कि जैसे–जैसे हम वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के दौर से गुज़रेंगे, हमारी नियति नई खोज करने और प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बने रहने की हमारी क्षमता पर निर्भर करेगी। यहीं पर हमारी अत्याधुनिक आरएंडडी सुविधाओं का क्रांतिकारी प्रभाव पड़ेगा। पिछला वित्तीय वर्ष इंडियनऑयल के आरएंडडी केंद्र के लिए काफी खास रहा, जिसने 10 मार्च, 2022 को अपनी स्वर्ण जयंती मनाई।

## हरित ऊर्जा प्रयासों को बढ़ावा देना

इस अभूतपूर्व अनुसंधान एवं विकास कौशल का लाभ उठाते हुए जिसे हमने पिछले पांच दशकों में हासिल किया है, आपकी कंपनी भविष्य में धरती को स्वच्छ और हरा–भरा बनाने के लिए जोर–शोर से ऊर्जा के नए रास्ते तलाश रही है। इनमें मथुरा और पानीपत रिफाइनरियों में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करने तथा स्वच्छ, कम कार्बन उत्सर्जन लाने के लिए एक ठोस हरित हाइड्रोजन उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने जैसे उपाय शामिल हैं। इनमें मथुरा और पानीपत रिफाइनरियों में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करने और एक मजबूत हरित हाइड्रोजन उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने जैसे उपाय शामिल हैं। यह एक सुदृढ़ हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को हरित हाइड्रोजन हब बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगा। इसकी परिकल्पना माननीय प्रधानमंत्री द्वारा की गई थी, जब उन्होंने 15 अगस्त 2021 को लाल किले की प्राचीर से भारत की हाइड्रोजन नीति की घोषणा की थी।

हमने नगर गैस वितरण जैसे आकर्षक क्षेत्रों में भी कदम रखा है, जहां आपकी कंपनी की अब देश में एक महत्वपूर्ण उपस्थिति है। आपकी कंपनी जोर–शोर से विभिन्न वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की खोज कर रही है और आवाजाही के लिए जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। यह खुशी की बात है कि जून 2022 में, भारत ने निर्धारित समय से पांच महीने पहले 10% इथेनॉल मिले पेट्रोल की आपूर्ति का महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल कर लिया। अब हम वर्ष 2025 तक 20% इथेनॉल मिलाने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे हैं।

इंडियनऑयल को एक व्यावहारिक परिवहन ईंधन के रूप में कंप्रेस्ड बायोगैस या सीबीजी का उपयोग करने वाले सतत कार्यक्रम चलाने पर गर्व है। वर्तमान में, 36 इंडियनऑयल ईंधन स्टेशन 'इंडिग्रीन' ब्रांड नाम के तहत सीबीजी की खुदरा बिक्री कर रहे हैं।

इलेक्ट्रिक वाहनों के मोर्चे पर, आपकी कंपनी भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की आवाजाही को बढ़ावा देने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। हम अगले तीन वर्षों में 10,000 ईंधन स्टेशनों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेंगे। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि जुलाई 2022 के अंत तक, हम पहले ही 2500 से अधिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर चुके थे। यह ईवी ढांचे को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में ऑटोमोबाइल कंपनियों को प्रोत्साहन देगा।

हम भारत में एल्युमीनियम–एयर बैटरी के निर्माण और व्यावसायीकरण पर भी काम कर रहे हैं, जो फ़िनर्जी नामक एक इजरायली प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ संयुक्त उद्यम के माध्यम से किया जा रहा है। इसके अलावा, आपकी कंपनी ने हाल ही में एनटीपीसी लिमिटेड के साथ एक संयुक्त उद्यम कंपनी के गठन के लिए भी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जो अक्षय स्रोतों के माध्यम से इंडियनऑयल की रिफाइनरियों में आगामी परियोजनाओं की बिजली की आवश्यकता को पूरा करेगी।

हमारी हाल की हरित उपलब्धियों की बात करें तो, 10 अगस्त 2022, देश के हरित मिशन के लिए एक महत्वपूर्ण दिवस रहा, जब माननीय प्रधानमंत्री ने पानीपत में इंडियनऑयल के 2जी इथेनॉल संयंत्र को राष्ट्र को समर्पित किया था। इस महान उपलबधि से हर साल लगभग तीन लाख मीट्रिक टन $CO_2$ उत्सर्जन बचाने में मदद मिलेगी, और प्रति वर्ष तीन करोड़ लीटर इथेनॉल का उत्पादन करेगा। यह उत्तरी भारत में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने में भी मदद करेगा।

मैं दोहराना चाहता हूँ कि आपकी कंपनी का पर्यावरण नेतृत्व व्यवसाय की सीमाओं से परे है। सात दशकों के बाद देश में चीतों को फिर से बसाने में मदद करने के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के साथ हुई हाल की साझेदारी इस संकल्प को मजबूती प्रदान करती है।

मैं आपको बता दूँ; यह तो बस शुरुआत भर है, और आपकी कंपनी आने वाले दिनों में कई और असाधारण हरित कार्य करने के लिए तैयार है।

## व्यवसाय से परे देखभाल

इंडियन ऑयल के मानवीय पक्ष की बात करें तो, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत, हम शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, तथा पर्यावरण एवं स्थिरता को कवर करने वाली परियोजनाओं का समर्थन कर रहे हैं। हम 'कौशल भारत' अभियान चलाने में भी अग्रणी रहे हैं। आपकी कंपनी ने 20 अगस्त 2021 को इंडियनऑयल द्वारा संचालित कौशल विकास संस्थान, भुवनेश्वर के स्थायी परिसर का उद्‌घाटन करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की।

## खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देना

इंडियनऑयल भारत के खेल परिदृश्य का पुनरुत्थान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहा है। हमारे उल्लेखनीय योगदान को तब मान्यता मिली जब हमें 2021 के लिए "राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। आपकी कंपनी की ओर से मैंने नवंबर, 2021 में भारत के माननीय राष्ट्रपति से पुरस्कार स्वीकार किया था। इंडियनऑयल को 'खेलों को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ पीएसयू' श्रेणी के तहत 'स्पोर्टस्टार एसेस अवार्ड, 2022' भी मिला था।

## कॉर्पोरेट गवर्नेंस द्वारा विकास-वृद्धि

मैं यह मानता हूँ कि इंडियनऑयल में सतत विकास के लिए कॉरपोरेट शासन एक धुरी की तरह काम करता है, और मैं यह उल्लेख करना चाहूँगा कि कई हितधारकों और बड़े पैमाने पर समाज के हितों की रक्षा करते हुए हितधारक मूल्य को बढ़ाने के लिए अच्छा कॉर्पोरेट प्रशासन होना महत्वपूर्ण है। सहयोग करने की भावना के मूल्य इंडियनऑयल और इंडियनऑयल के लोगों का मार्गदर्शन करते हैं, और हमने निवारक सतर्कता के लिए एक ठोस पारिस्थितिकी प्रणाली बनाई है ताकि सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानक निर्धारित हो सकें। आपकी कंपनी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पर लागू लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन करती है, जिनका विवरण वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा बनने वाली कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट में दिया गया है।

## उज्ज्वल भविष्य का निर्माण

इस मंच पर, मैं पूरी निष्ठा से यह बात साझा करना चाहता हूँ कि इंडियनऑयल एक महान भविष्य की ओर अग्रसर है, जिसके पास एक उत्साही टीम, विशाल संसाधनों और ठोस वित्तीय स्थिति है। आपकी कंपनी की विशाल परिसंपत्तियाँ देश भर में फैली हैं, जो हमारी ताकत हैं। इनमें रिफाइनरियां, ऑयल टर्मिनल, एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र, विमानन ईंधन स्टेशन, और व्यापक पाइपलाइन नेटवर्क शामिल है। आपको अपने विशाल फैलाव का अंदाजा देने के लिए, हमारे पास 60,000 से अधिक ग्राहक संपर्क बिंदु हैं, 3.1 करोड़ ग्राहक प्रतिदिन हमारे ईंधन स्टेशनों पर आते हैं और हर दिन 25 लाख इंडेन सिलेंडर वितरित किए जाते हैं। आपकी कंपनी प्रत्येक व्यावसायिक प्रयास को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, और संरक्षण, नवपरिवर्तन, लगाव और विश्वास के हमारे मूल मूल्य भावी सफर में हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## नेट-ज़ीरो भविष्य की ओर अग्रसर

इंडियनऑयल राष्ट्र की प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बिठाने और प्राथमिकताओं पर ध्यान देने के महत्व को पहचानता है, आज हरित मंत्र दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं का मूल मंत्र बन गया है। वास्तव में, विश्व स्तर पर भारत का पर्यावरण के प्रमुख हिमायती के रूप में उभरना हमारे लिए बड़े गर्व की बात है। माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी पंचामृत लक्ष्यों, जिनमें 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करना शामिल है, को जमीनी ठोस कार्रवाई किए जाने से मजबूती मिली है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, इंडियनऑयल, भारत की ऊर्जा के रूप में, भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के अनुरूप नए रास्ते तलाश रहा है।

इस प्रकार कंपनी कार्बन से मुक्ति पाने की दिशा में अपना सफर शुरू कर रही है जो न केवल कंपनी के भाग्य के लिए, बल्कि भविष्य में धरती को स्वच्छ और हरा–भरा बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण होगा।

**मैं यह घोषणा करना चाहूंगा कि इंडियनऑयल ने वर्ष 2046 तक नेट ज़ीरो उत्सर्जन प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह ऐतिहासिक प्रतिबद्धता जिस पर आपकी कंपनी आगे बढ़ रही है, इस धरती और राष्ट्र के बेहतर भविष्य का निर्माण करने की दिशा में मदद करेगी।**

इंडियनऑयल नेट जीरो उत्सर्जन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध कुछ वैश्विक ऊर्जा कंपनियों में से एक के रूप में उभरने के लिए तैयार है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि हमारे पास पहले से ही एक ठोस ग्रीन ब्लूप्रिंट है जिसे हम अपने नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए चरणबद्ध तरीके से लागू करेंगे। इस प्रतिबद्धता को जो चीज़ खास बनाती है, वह यह है कि इंडियनऑयल वर्ष 2046 तक अपने प्रचालनों में नेट जीरो उत्सर्जन प्राप्त कर लेगा, जब हमारा महान राष्ट्र अपनी स्वतंत्रता के 99 वर्ष पूरे करेगा और शानदार 100वें वर्ष में कदम रखेगा।

मैं प्रसिद्ध प्रकृतिवादी सर डेविड एटनबरो के इस शक्तिशाली विचार के साथ अपना संबोधन समाप्त करना चाहूंगा।

*"हमें केवल इच्छा शक्ति की जरूरत है। अगले कुछ दशकों में हमें अपने लिए स्थायी घर बनाने और अपने पूर्वजों से विरासत में मिली समृद्ध, स्वस्थ और अद्भुत दुनिया को बहाल करने का आखिरी मौका है। जहां तक हम जानते हैं, यह धरती एकमात्र स्थान है जहां किसी भी प्रकार का जीवन मौजूद है, और यहां हमारा भविष्य खतरे में है।"*

इसी बात के साथ, मैं स्वच्छ और अधिक समृद्ध भारत का निर्माण करने में योगदान करने के अपने संकल्प को दोहराना चाहूँगा। हम अपनी भावी पीढ़ी के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इसमें एक साथ हैं और हम वहाँ एक साथ पहुंचेंगे।


धन्यवाद, सुरक्षित एवं स्वस्थ्य रहें।

जय हिंद!

एस.एम. वैद्य

25 अगस्त 2022

**श्रीकांत माधव वैद्य**
अध्यक्ष, इंडियनऑयल




IndianOil

Indian Oil Corporation Limited
Registered Office
IndianOil Bhavan
G-9, Ali Yavar Jung Marg,
Bandra (East),
Mumbai-400051
Maharashtra

Follow us on:

IndianOilCorpLimited | IndianOilcl | indianoilcorporationlimited | indianoilcorp

PEHLE INDIAN PHIR OIL